# 3 शादियां, 3 बच्चे गायब
# शातिर बिंदा हुई बेनकाब

## सीसीटीवी फुटेज के सहारे फरीदपुर पुलिस को मिली सफलता

**संवाददाता, फरीदपुर,**

**अमृत विचार :** बस में सफर के दौरान भरोसा जीतकर 9 माह के मासूम का अपहरण करने वाली महिला का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कुशीनगर की रहने वाली आरोपी बिंदा उर्फ रंजना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

महिला पर आरोप है कि उसने अपनी तीन शादियों के दौरान अपने ही बच्चों को गायब किया और बाद में दूसरों के बच्चों को चोरी कर उन्हें अपना बताकर परिवार को धोखे में रखा। मामले का खुलासा तब हुआ जब हरदोई के देहात थाना क्षेत्र के गांव मिरगंवा निवासी सुनभला कुमारी ने फरीदपुर थाने में अपने 9 माह के बेटे अरुण के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता के मुताबिक, बस में सफर के दौरान आरोपी महिला ने मदद कर भरोसा जीता और मौका पाकर बच्चे को लेकर फरार हो गई। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव खनी नवादा से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो अन्य बच्चे भी बरामद हुए, जो उसके अपने नहीं थे। में मेरठ निवासी दूसरे पति को भी बुलाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस सनसनीखेज मामले का बड़ा खुलासा किया जाएगा।


फुटेज में बच्चे के साथ कैद हुई थी।

### बरेली निवासी तीसरे पति ने खोले राज

जांच में सामने आया कि बिंदा उर्फ रंजना तीन शादियां कर चुकी है। दूसरी शादी मेरठ में और तीसरी शादी करीब छह साल पहले बरेली के खनी नवादा निवासी गुड्डू से हुई थी। तीसरे पति गुड्डू ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद हर बार डिलीवरी के समय आरोपी मायके चली जाती थी और बिना बच्चे के लौटती थी। पूछने पर वह बच्चों के मायके में होने की बात कहकर टाल देती थी। जब उसने सख्ती दिखाई, तो आरोपी हरदोई की महिला का बच्चा और मेरठ में अपने दूसरे पति की दूसरी पत्नी का बच्चा चोरी कर ले आई और उन्हें अपना बताकर घर में रख लिया। फिलहाल पुलिस इस बात की गहन जांच कर रही है कि आरोपी महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ क्या किया। आशंका है कि बच्चों को कहीं बेच दिया गया हो।

## घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**आंवला, अमृत विचारः** थाना आंवला क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित अशोक पाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 मार्च की रात करीब 9:30 बजे वह अपने घर पर थे, तभी गांव के ही कुछ लोग गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे।

पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने परिवार के लोगों को भी धमकाया और पीड़ित ने अपने बचाव में शोर मचाया तो आसपास के लोग जुटने लगे। लोगों को जुटता देखकर आरोपी पप्पू, राम सिंह, ठेकेदार जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बताया जा रहा है कि खेत पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा है और मामले में वर्चस्व जमाने को वारदात को अंजाम दिया गया है। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पथसंचलन में संस्कार व एकता पर जोर


सड़कों पर गणवेश में निकलते आरएसएस के स्वयं सेवक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, मीरगंज**

- हिंदू नववर्ष पर आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

**अमृत विचारः** नगर में हिंदू नव वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने पथ संचलन का आयोजन किया। सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज, मढ़ी सत्याना से नगर भ्रमण के लिए निकले।

इस पथ संचलन को मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण और जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नेताओं ने स्वयंसेवकों को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और समाज में एकता, संस्कार तथा राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने का संदेश दिया।

पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। इस दौरान स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पूरे नगर में स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा की गई।तहसील गेट के सामने पराग डेयरी पर भाजपा नेता ओमपाल गंगवार, शक्ति केंद्र संयोजक अभिषेक गंगवार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और भारत माता की जय व वंदे मातरम् जैसे नारे लगाए गए। पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।इस आयोजन का उद्देश्य हिंदू नव वर्ष के महत्व को रेखांकित करना और समाज में भाईचारे तथा सांस्कृतिक एकता का संदेश देना था।

## शोहदे से तंग युवती ने छोड़ी पढ़ाई, केस दर्ज

**संवाददाता भमोरा**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने युवक पर लगातार परेशान करने और बदनाम करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सूरज मौर्य उसे कॉलेज आते-जाते रास्ते में रोककर परेशान करता था। जिससे तंग आकर उसने अपनी पढ़ाई तक छोड़ दी और परिजन ने शादी तय की तो ससुराल में अनर्गल बातें फैलाकर शादी भी तुड़वा दी।

आरोपी पूर्व में उसके साथ पढ़ चुका है। युवक उसके बारे में अनर्गल बातें फैलाकर बदनामी करता था और जबरन शादी करने की बात कहता था। इस स्थिति से परेशान होकर परिजनों ने उसकी शादी बदायूं में तय की, लेकिन आरोपी को किसी तरह ससुराल पक्ष की जानकारी मिल गई। वह वहां पहुंच गया और लड़की के बारे में गलत बातें बताकर रिश्ता तुड़वा दिया।पीड़िता के भाई जब उसके घर पहुंचे तो आरोपी मारपीट पर आमादा हो गया। उसने धमकी दी कि वह कहीं भी शादी नहीं होने देगा।

# 30 घंटे बाद किया किसान का अंतिम संस्कार

**संवाददाता, भमोरा,**

- मृतक की पत्नी आरोपी किसान पर मुकदमा दर्ज गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी का दिया आश्वासन
- क्यारा ब्लाक प्रमुख ने परिवार को आर्थिक मदद व न्याय दिलाने की बात कही

**अमृत विचारः** खेत में लगाए गए करंट से हुई मौत के मामले में दूसरे दिन आरोपी किसान पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किसान की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े परिजनों को पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी की बात कह समझाया। इसके बाद किसान का अंतिम संस्कार किया गया।

क्षेत्र में गांव दलीपुर और आसपास क्षेत्र में आवारा पशुओं के आतंक से किसान परेशान हैं। इनकी रोकथाम में स्थानीय जिम्मेदार असफल रहे हैं। ऐसे में किसानों ने अपने खेतों को आवारा पशुओं से बचाने के लिए झटका वाले तार लगा रखे हैं ताकि खेत में घुसते ही पशुओं को झटका लगे और वह दूर हट जाएं। चर्चा है कि दलीपुर के रिंकू को जिस खेत में करंट लगा उस खेत में कांटे वाले तार में कटिया डालकर करंट दौड़ाया जा रहा था। इस वजह से उसकी करंट से चिपक कर मौत हो गई और पत्नी की चीख पुकार भी पति को बचाने में असफल रही।


दलीपुर गांव में किसान की मोत के बाद तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

शनिवार को रिंकू की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम को भेजा। देर शाम शव पीएम होने के बाद घर पहुंचा तो पत्नी शीला आरोपी किसान चंद्रपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग पर अड गई। रविवार सुबह पहुंची पुलिस ने शीला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया और जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तो इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता वेद प्रकाश यादव, क्यारा ब्लॉक प्रमुख अरविंद सिंह चौहान ने मृतक के परिवार को आर्थिक मदद के न्याय दिलाने की बात कही। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि यदि मृतक रिंकू के घर पर शौचालय होता तो यह बड़ी घटना नहीं होती।

## मेले से लौट रहे छात्र पर हमला

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** कुम्हार चौक में लगे मेले को देखकर घर लौट रहे छात्र को मोहल्ले के लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखकर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजा है।

थाना भोजीपुरा के गांव मुरारपुर निवासी अनस स्थानीय कस्बा के मोहल्ला अहमद नगर वार्ड 8 निवासी अपने ताऊ रफी खान के घर रहकर पढ़ाई कर रहा है। वह 11वीं का छात्र है। शनिवार को ईद के मौके पर कुम्हार चौक में लगे मेला को देखने गया था।

उसी के मोहल्ले निवासी शाहिद, शरीफ, कासिम, राशिद उसे बगैर किसी बात के गाली देने लगे। उसने जब विरोध किया तो चारों ने एक राय होकर उसको लात घूंसों से गिरा गिरा कर खूब पीटकर घायल कर दिया।

## युवक के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

भुता, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव म्योड़ी खुर्द में गांव के दबंग ने युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया है। बीच बचाव करने आए परिजनों को अपने साथी की मदद से मारपीट कर उनको भी घायल कर दिया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित अली अहमद ने बताया वह दोपहर की नमाज पढ़कर आ रहा था। कि उसने देखा गांव निवासी सरताज मेरे मामा खलील अहमद के साथ बेवजह मारपीट कर रहा है। जब मैंने व मेरे भतीजो ने बीच बचाव करना चाहा। तो आरोपी ने अपने साथी सोनू, फुरकान, इंतजार को बुला लिया। सभी ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# विरोध में रुका ट्रांसफार्मर का काम

**संवाददाता, सेंथल**

**अमृत विचारः** कस्बे के मोहल्ला जामा मस्जिद स्थित कश्यप चौराहे पर रविवार को बिजली विभाग की टीम को नया ट्रांसफार्मर लगाने के दौरान भारी विरोध का सामना करना पड़ा। विभागीय टीम जैसे ही ट्रांसफार्मर स्थापित करने पहुंची, कश्यप समाज की महिलाएं मौके पर ही धरने पर बैठ गईं, जिसके चलते टीम को बिना कार्य किए ही वापस लौटना पड़ा।

बिजली विभाग ने कुछ दिन पहले इस स्थान को ट्रांसफार्मर स्थापना के लिए चिन्हित किया था और नाले पर स्लैब भी डलवाए थे। उस समय भी स्थानीय लोगों ने इसका विरोध जताते हुए ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान पर लगाने की मांग की थी। इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई थी।


ट्रांसफार्मर लगाने का विरोध करती महिलाएं। ● अमृत विचार

कश्यप समाज के लोगों का कहना है कि यह चौराहा सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, जहां शादी-विवाह के दौरान हवन, फेरे और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उनका मानना है कि ट्रांसफार्मर लगने से महिलाओं और बच्चों को असुविधा होगी, साथ ही तारों व उपकरणों से दुर्घटना का खतरा भी बना रहेगा। विरोध के चलते फिलहाल ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य अधूरा रह गया है।

# मथुरा जा रहे गोसेवकों को पुलिस ने किया नजरबंद

**संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी**

**अमृत विचार :** शनिवार को मथुरा में गौ तस्करों के द्वारा ट्रक के पहिए से कुचलकर गौ सेवक बाबा फरसा वाले की हत्या के विरोध में स्थानीय गौ सेवक रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने टोल पर रोककर नजर बंद कर लिया।

अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद संगठन के प्रमुख हेमंत गंगवार, जितेंद्र श्रीवास्तव, धर्मेंद्र मिश्रा,महिला जिलाध्यक्ष रामपुर अर्चना सिंह की अगुवाई में अमन सक्सेना,गौरव श्रीवास्तव, राकेश,राज ठाकुर,पवन कुमार ,विवेक मौर्य,अजय प्रजापति, मनीश ठाकुर,चमन मौर्य,सुरेश कुमार आदि रविवार को मथुरा के लिए करीब एक बजे रवाना हुए।


गौ रक्षा दल के लोगों को पुलिस ने रोका ● अमृत विचार

## पत्नी पर हमला करने वाला पति गिरफ्तार

**शीशगढ़, अमृत विचारः** दंपति में किसी बात पर कहा सुनी होने पर पत्नी को अवैध तमंचे से गोली मारने वाले युवक को पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शनिवार को चौकी क्षेत्र टांडा छंगा के ग्राम कल्यान पुर निवासी राशिद पुत्र इनातुल्ला ने किसी बात पर कहा सुनी होने पर पत्नी निशा पर फायर कर घायल कर दिया था। रविवार को पुलिस ने राशिद को गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी में पुलिस ने 312 बोर का अवैध तमंचा दो जिन्दा कारतूस व एक खोखा बरामद करने का दावा किया है।

# आंवला में अस्पतालों के चक्कर में जच्चा की मौत

**संवाददाता, आंवला**

**अमृत विचार :** थाना आंवला क्षेत्र के गांव अजुध्या निवासी रितेश की 22 वर्षीय उपासना की डिलीवरी के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। शनिवार 21 मार्च को सुबह उपासना को कस्बा आंवला स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शाम करीब 6:10 बजे अस्पताल कर्मियों ने उसकी सामान्य डिलीवरी कराई, जिसमें उसने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद महिला पूरी तरह स्वस्थ थी और उसने चाय-बिस्किट भी खाए।

रविवार सुबह 9:30 बजे परिजन बच्चे के छूचक की रस्म के लिए अस्पताल पहुंचे, तभी अचानक उपासना की हालत बिगड़ गई। अस्पताल स्टाफ ने प्राथमिक उपचार के तहत इंजेक्शन लगाया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद करीब 10 बजे उसे बरेली रेफर कर दिया गया।


नर्सिंग होम में मौजूद परिजन और अस्पताल स्टाफ ● अमृत विचार

हालांकि परिजन उसे सीधे बरेली ले जाने के बजाय बदायूं ले गए, जहां दो अलग-अलग अस्पतालों में दिखाया गया, लेकिन वहां से भी बरेली रेफर कर दिया गया। अंततः जब परिजन उसे बरेली ले जा रहे थे, तभी रामगंगा पुल के पास रास्ते में दोपहर करीब 1 बजे उपासना ने दम तोड़ दिया।

आशा रजनी ने बताया कि वह सूचना पर प्रसूता को पीएचसी रामनगर ले गयी। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। जिस पर प्रसूता के परिजनो ने निजी अस्पताल में प्रसव कराने की बात कही तब उसे वैष्णवी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया। जहां प्रसूता की सामान्य डिलीवरी हो गई।

नर्सिंग होम संचालक देवराज सिंह ने बताया कि हमारे यहां जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ थे। प्रसूता की हालत अधिक भीड़ देखकर बिगड़ी। हमने सही हालत में प्रसूता को बरेली दिखाने की सलाह दी लेकिन परिन उसे बदायूं ले गए। उन्होंने अधिक समय बर्बाद किया। हमारे प्रबंधन की कोई गलती नहीं हैं।

प्रभारी निरीक्षक के. बी. सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है।तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। देर रात महिला के परिवार और अस्पताल संचालक में समझौता हो गया है। महिला के परिवार वालों ने पुलिस को लिखकर दिया है कि वह कोई कार्यवाही नहीं चाहते हैं।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## न्यूज ब्रीफ

### नवरात्र में मीट की बिक्री करने पर हिंदू संगठनों ने जताया विरोध

**फरीदपुर, अमृत विचार :** नवरात्र के दिनों में फरीदपुर क्षेत्र में खुलेआम नगर के भूरे खां गोटियां इलाके में एक बग़र (झुग्गीनुमा स्थान) के अंदर मांस काटे जाने पर हिन्दू संगठनों ने रोष जताया है। पुलिस की निष्क्रियता से स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में भारी नाराज़गी है। बताया जा रहा है कि मांस काटने वाले व्यक्ति आरिफ से जब जानकारी लेने की कोशिश की, तो आरोपी ने उनके साथ अभद्रता और बदसलूकी कर दी। हिंदू संगठनों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर प्रशासन के खिलाफ नाराज़गी जताई और तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि नवरात्र जैसे पवित्र पर्व पर मांस की बिक्री जारी रहना बेहद शर्मनाक है। प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागे और तुरंत कार्रवाई करे। इस पोस्ट को जिला पुलिस, यूपी 112, और एसएसपी को टैग किया गया है। रही है।

### बाल विवाह उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मीरगंज, अमृत विचार :** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज, में बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा किशोरी क्लब गतिविधि में उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। इसके साथ ही छात्राओं को शपथ के माध्यम से समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध जागरूकता फैलाने एवं सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सचिन कुमार गिरि,प्रो. विजय बहादुर सिंह बिष्ट, डॉ.रत्नाकर दुबे, डॉ.आनंद कुमार, डॉ मोहम्मद फाइज,डॉ.प्रवीण सिंह,डॉ. दीपांकर राव, डॉ.संदीप तिवारी, डॉ.विनय सिंह चौहान आदि रहे।

# धोबी तालाब को हथियाने के लिए बिछा दिया जाल

## नगर पालिका के 15 सभासदों ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

- पैमाइश कराकर क्षेत्रफल के हिसाब से सह खातेदारों को जमीन देने की मांग

सवाददाता, बहेड़ी



बहेड़ी में तालाब में कूड़ा डालकर पाटने का काम जारी है। नगर पालिका खामोश बनी है।

**अमृत विचार:** शहर के बीचोबीच स्थित धोबी तालाब को हथियाने के लिए जाल बिछा लिया गया है।तालाब के खाता नम्बर के सहखातेदारों ने कुरा बंदी में अपने नम्बर सड़क किनारे फ्रंट पर करा लिए, और तालाब के नम्बर को पीछे कर दिया। नगर पालिका इस मामले में खामोश तमाशाई बनी हुई है,और अपनी कीमती ज़मीन पर छोटे नम्बर वाले सहखातेदारों को फ्रंट की ज़मीन मिलने का रास्ता साफ कर दिया। नगर पालिका के ही 15 सभासदों ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में अपनी ही नगर पालिका पर इस मामले में कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा गया है कि बहेड़ी शहर के शैखुपुर के रकबे में खाता नम्बर 234 पर तालाब दर्ज है, जिसका रकबा 960 हेक्टेयर है। 234 नम्बर पर ही 4 सहखातेदारों के नाम से 1142 हेक्टेयर रकबा दर्ज है, यानि चारों सहखातेदारों के पास जितनी ज़मीन है, उससे 8 गुना ज़मीन नगर पालिका के तालाब के नाम है, लेकिन सड़क के किनारे नगर पालिका के पास जगह नहीं है, और छोटे -छोटे खातेदारों की सारी ज़मीन फ्रंट पर है। कीमती ज़मीन कब्ज़ा करने का यह खेल कुरा बंदी में किया गया।

कुरा बंदी में खेल करते हुए छोटे -छोटे खातेदारों को फ्रंट की कीमती ज़मीन का मालिक बना दिया गया। नगर पालिका इस खेल को खामोशी से देखती रही, और उसने अपनी ज़मीन को कौड़ियों की कीमत का बनने दिया। इधर तालाब को पाटने का काम भी शुरू हो गया। शिकायत हुई, तो चोरी -चोरी काम शुरू कर दिया गया। अभी पिछले दिनों शहर लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर पटान रुकवाया था।नगर पालिका के 15 सभासदों के मोहर और हस्ताक्षरयुक्त शिकायती पत्र में एक और गंभीर आरोप लगाया है। कहा गया है कि नगर पालिका ने तालाब के सौदर्यीकरण के लिए शासन से पैसा हासिल किया है, और अब भू माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए पहले तालाब का काम कराना चाहती है। सभासदों ने तालाब के पूरे रकबे की पैमाइश कराने और क्षेत्रफल के हिसाब से सभी को ज़मीन दिए जाने और नगर पालिका की कीमती ज़मीन को बचाने की मांग की है।

### तालाब पाटा जा रहा, फिर भी सब खामोश

धोबी तालाब को लम्बे अरसे से लोग तालाब की शक्ल में ही देख रहे हैं। सड़क किनारे पूरी जगह में तालाब हुआ करता था। यहां कपड़े धुले जाते थे, और कुछ सालों से यहां नगर पालिका कूड़ा डालने लगी। अब तालाब को पाटा जा रहा है। सवाल यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने जब तालाब को पाटने पर रोक लगा रखी है, तो इस तालाब का अस्तित्व कैसे मिटाया जा रहा है।

### लखीमपुर संपर्क मार्ग पर कार्य शुरु

**शेरगढ़, अमृत विचार:** क्षेत्र के नगरिया कलां-लखीमपुर संपर्क मार्ग पर डामर रोड बनने का कार्य शुरू हो गया है। इससे ग्रामीण बेहद खुश हैं अब उन्हें अस्त-व्यस्त मार्ग से निजात मिल सकेगी। रविवार को मार्ग पर लेपन कार्य की शुरुआत हुई। वहीं नगरिया कलां-कमालपुर गांव के बीच सेतु के निकट किच्छा नदी में आई बाढ़ में कटी सड़क पर सुरक्षा दीवारें भी बनाई जा रही हैं जिसका कार्य प्रगति पर है। यहां 650 मीटर सीसी रोड का निर्माण भी किया जा रहा है। जेई प्रेम सिंह ने बताया कि सुरक्षा दीवार निर्माण का कार्य पिछले दिनों शुरू कर दिया गया है। रविवार को डामर रोड का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीसी रोड को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। अति शीघ्र कार्य पूर्ण किया जाएगा।शेरगढ़ से गांव लखीमपुर और कमालपुर तक क्षतिग्रस्त सड़क का मामला अमृत विचार ने पिछले दिनों प्रकाशित किया था। क्षेत्रवासी रघुवीर उर्फ राना सिंह,चौधरी राजू सिंह,प्रदीप सिंह,नरायन दास,हरीश कुमार, संजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद गंगवार, पातीराम राठौर, सत्यपाल शर्मा, छोटेलाल राठौर, हेमराज हावूड़ा,प्यारेलाल पाली,सत्यपाल गंगवार आदि समेत लोगों ने मार्ग मरम्मत की शुरुआत पर प्रसन्नता जताई है।



शेरगढ़ में नगरियांकलां मार्ग पर काम शुरु।

# मजबूत बूथ प्रबंधन से ही चुनाव में जीत तय



शिविर के दौरान सम्मानित किये गये भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता,नवाबगंज

- बताया गया किस तरह पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुचाएं

**अमृत विचार:** कस्बे के आर्य कॉलेज परिसर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाशिविर रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिविर में विधानसभा क्षेत्र के अहमदाबाद, कल्यानपुर और नगर मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठनात्मक गतिविधियों और चुनावी रणनीतियों की बारीकियों को समझा। समापन सत्र को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मजबूती लाने का आह्वान किया। किसी भी चुनाव में जीत की आधारशिला बूथ प्रबंधन ही होता है। जिस कार्यकर्ता का बूथ मजबूत होगा, उसके लिए चुनावी चुनौती स्वतः आसान हो जाती है।

शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं को सात प्रमुख विषयों बूथ प्रबंधन, मन की बात, संगठन की कार्यपद्धति, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क के तरीके और चुनावी प्रबंधन, पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को बताया कि किस प्रकार घर-घर संपर्क और डिजिटल माध्यमों के समन्वय से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक डॉ. एमपी आर्य ने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शॉल और पटका पहनाकर स्वागत किया। समापन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, स्वाति कुमारी, अभय चौहान, डॉ. मीनाक्षी गंगवार, नीरेंद्र सिंह राठौर, लेखराज गंगवार, सतेन्द्र गंगवार , अजय चौहान, विनोद गुप्ता, विनोद दिवाकर, राममोहन गंगवार, टीआर गंगवार, ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार, नंदकिशोर, अंकित शुक्ला, मुरारी गंगवार, नत्थू लाल आर्य, रोहित गंगवार, मीरा गंगवार, बब्लू गंगवार, रामप्रकाश, कविता शर्मा, राजकुमारी, प्रशंसा शर्मा, राजू हिंदुस्तानी, केशव गुप्ता, रिंकू अवस्थी ,जमुना प्रसाद,आदि रहे।

### अगरास शाही रोड पर गड्ढे राहगीरों को कर रहे घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार:** अगरास शाही रोड पर खरसैनी गांव के पास सड़क पर गहरे गड्ढे राहगीरों और बाइक सवारों के लिए खतरा बन गए हैं। आए दिन वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहे हैं, जिससे वे घायल हो रहे हैं। रविवार को खरसैनी गांव निवासी पुनीत शाही से अपने घर लौटते समय एक गड्ढे को बचाने के प्रयास में बाइक सहित गिर गए। इस दुर्घटना में उन्हें हल्की चोटें आई हैं। खरसैनी अड्डे के दुकानदार मिसरी लाल ने बताया कि इन गड्ढों के कारण रोजाना बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। संबंधित विभाग से कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। दुकानदार नत्थू लाल, पप्पू, नरपत और नरेश सहित अन्य स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका उद्देश्य किसी बड़े हादसे से पहले आवागमन को सुरक्षित बनाना है।

### पलायन करने की चेतावनी

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मोहल्ला केशवपुरम के प्रशांत शर्मा ने सूर्या कुर्मी के बेटे अर्पित पर हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उसने सूर्या कुर्मी से जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई न होने पर पलायन कर लेने की चेतावनी दी है।

# संतों ने किया बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान

- यज्ञ एवं समरसता भंडारे के साथ संपन्न हुआ समागम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रेमनगर स्थित वाल्मीकि साधु आश्रम में हुए वाल्मीकि संत समागम में मंचासीन साधु संत।

**अमृत विचार:** सतगुरु बाबा सागरदास की 30 वीं पुण्यतिथि प्रेमनगर स्थित वाल्मीकि साधु आश्रम में मनाई गई। इस मौके पर हुए वाल्मीकि संत समागम में अमृतसर, पंजाब से आए साधु संतों ने समाज में बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया। साथ ही समाज में व्याप्त दुर्व्यसनों जैसे मृत्यु भोज, दहेज प्रथा एवं विवाह समारोह आदि पर अनावश्यक व्यय न करने की शपथ भी सभी लोगों को दिलाई।

उज्जैन के वाल्मीकि संत समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी बलराम दास योगी ने विभिन्न प्रांतों से आए संतों के साथ सत्संग किया। देश के कोने-कोने से साधु संतों ने धर्म पर प्रवचन दिए।

संपूर्ण विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से पंजाब से आये वाल्मीकि समाज शिरोमणि बलवीर सिंह सोंधी ने अन्य साधु संतों के संग सुबह 7 बजे से हवन पूजन किया। इसके बाद समाज में समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें साधु संतों एवं भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इससे पहले वाल्मीकि संत समागम का शुभारंभ कार्यक्रम संयोजक अरविंद वाल्मीकि ने संतों का माल्यार्पण कर मंच पर स्थान ग्रहण कराकर किया। संत सम्मेलन में स्वामी रतन दास, साध्वी संतोष दास, स्वामी प्रेमानंद अमृतसर, स्वामी ब्रहमदास, स्वामी गोविंद दास, स्वामी धनीदास, शंकर दास, बलबीर सिंह सोंधी, बलबीर सिंह चीमा, पारुल रंधावा, डॉ. राम लुभाया, आचार्य मुकेश दास दिल्ली रहे। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं केंद्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद सदस्य सलाहकार मनोज थपलियाल, सचिव योगेश कुमार, विकास महर्षि, सुरेंद्र नाथ, अंशु आर्या, उमेश कठेरिया, पुष्पा पाण्डे, चंदन प्रकाश, विलास बाबू, सुनील दत्त, विश्वास महाजन, सुनील भारत, विशाल बिंदु, भगवान दास, विजय आनंद, गुड्डू नागवंशी, अरविंद वाल्मीकि, रंजीत कोठारी, रुस्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

# नौ वर्ष पूर्ण होने पर मीरगंज ब्लाक में कार्यक्रम

- जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को बताया
- कार्यक्रम के दौरान बच्चों को खीर खिलाकर कराया अन्नप्राशन

संवाददाता, मीरगंज



लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते विधायक डा. डीसी वर्मा । ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को ब्लॉक सभागार में नव निर्माण के 9 वर्ष कार्यक्रम में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाया गया।

इस दौरान बैंकों द्वारा लोन मेला भी लगाया गया। समूह की महिलाओं और बैंकों की तरफ से स्टॉल लगाकर लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया। पात्र लाभार्थियों को मिलने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बीते 9 वर्षों में गरीब, वंचित और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। विधायक ने बच्चों को गोद में लेकर चम्मच से खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार ने प्रदेश सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ''सेवा, सुरक्षा-सुशासन'' के तहत सरकार के कार्यों की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र वर्मा ने किया। इस दौरान भूमि विकास बैंक अध्यक्ष होरीलाल गंगवार, एडीओ पंचायत वीपी सिंह, यश प्रकाश, मंडल अध्यक्ष अजयवीर सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष सोनू कुर्मी, नरेंद्र शर्मा, कैलाश शर्मा, राजकुमारी चौहान, सचिव विशाल कुमार योगेश कुमार, प्रधानपति मुकेश कश्यप, सोमपाल गंगवार, गुड्डू वर्मा, सहित समूह की महिलाएं, बैंक प्रबंधक सहित सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# जनता के नायकों को पगड़ी और जनेऊ में न बांटें



गोष्ठी में मौजूद वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को पीडब्ल्यूडी के प्रेरणा सदन में 'साम्राज्यवादः कल और आज' विषय पर विचार गोष्ठी हुई।

साहित्यकार सुधीर विद्यार्थी ने कहा कि शासक वर्ग शहीदों को उनके क्रांतिकारी विचारों से काटकर उन्हें केवल प्रतीकों, पगड़ी या जनेऊ तक सीमित कर जाति-धर्म के खांचों में बांटने की कोशिश कर रहा है, । क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के ललित और परिवर्तनकामी छात्र संगठन की दिशा ने युवा पीढ़ी को आगाह किया कि आज इतिहास को विकृत करने और अर्धसत्य परोसने का दौर चल रहा है। जिससे भगत सिंह की विरासत को संजोना और चुनौतीपूर्ण हो गया है।

# 38 साल पुरानी परंपरा ने घोली दिलों में मिठास

- मेले में मेयर ने दिया एकता का पैगाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मेले में सम्मानित हुए लोगों के साथ डा. अनीस बेग व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** इस्लामिया कॉलेज के मैदान पर ऐतिहासिक 'ईद मिलन समारोह एवं मेले' की भव्य शुरुआत हुई, जिसने एक बार फिर शहर की साझी विरासत और भाईचारे की मिसाल पेश की। मुख्य अतिथि महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि बरेली कौमी एकता की पहचान है। लगभग 38 वर्ष पहले शुरू हुए यादगार आयोजन में इस बार हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदायों ने बड़ी तादाद में हिस्सा लेकर आपसी सौहार्द का पैगाम दिया।

डॉ. अनीस बेग और डॉ. विनोद पगरानी ने सभी के गले मिलकर मुबारकबाद दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में 'इत्तेहाद'''' (एकता) को मजबूती मिलती है। समारोह सचिव वसी अहमद वारसी और सूफी अब्दुल वाजिद खां ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में मुशायरा, सम्मान समारोह और क्विज जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मैदान में बच्चों के लिए झूले और खान-पान के विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। उद्घाटन के दौरान महापौर ने सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम को और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। ज्ञानी काल सिंह, अश्वनी ओबरॉय, फसाहत नूर खां और सलीम रज़ा आदि रहे।

# महिलाओं को बताया, मुसीबत में मिलाएं हेल्पलाइन नंबर

संवाददाता, बरेली



क्योलड़िया में हुए कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।



रिठौरा में बाइक रैली निकालती महिला पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनाने की दिशा में सराहनीय पहल देखने को मिली। इसी क्रम में महिला सिपाहियों द्वारा बाइक रैली निकालकर समाज को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। रैली के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर लोगों को सुरक्षा, सम्मान और समान अधिकारों का संदेश दिया गया।

**क्योलडिया:** क्योलडिया थाना परिसर में रविवार को कार्यक्रम किया गया। इसमें महिलाओं को बुलाकर उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। सीओ नीलेश मिश्र ने महिलाओं के प्रति संवेदनशील रहने की बात कही। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक रहें और आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें इसकी जानकारी भी दी गई। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार, महिला उप निरीक्षक मीनाक्षी, समेत पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

**रिठौरा:** रिठौरा नवरात्रि में मातृशक्ति की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को क्षेत्राधिकारी नवाबगंज नीलेश मिश्र, थानाध्यक्ष हाफिजगंज प्रवीण सोलंकी के नेतृत्व में महिलाओं को जागरूक करने के लिए बाइक रैली निकाली गई। जगह-जगह मिशन शक्ति के संदर्भ में बताया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता,एस आई दिनेश कुमार,आकाश चौधरी,एस आई तुलसीदास समेत महिला कांस्टेबल रूदेई,प्रिया शर्मा, कल्पना,मनु चौधरी, वर्षा,हिना,रिंकी, प्रीती शर्मा मौजूद रहीं।

**आंवला:** आंवला पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए दो अपहृत नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद कर लिया।

अलग-अलग तिथियों में परिजनों द्वारा अपनी नाबालिग पुत्रियों के बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सर्विलांस, मुखबिर तंत्र व अन्य माध्यमों की मदद से कार्रवाई शुरू की और 22 मार्च को दोनों बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। आरोपी सुशील मौर्य व ब्रजेश कश्यप की तलाश में प्रयास जारी हैं। पुलिस द्वारा उनका चिकित्सीय परीक्षण कराकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज डायरी



### राम कथा में बताया श्री राम की मातृ व पितृ भक्ति अनुकरणीय

**शेरगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नगरिया कलां स्थित शिव मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन कथावाचक विकांश पाठक ने परशुराम लक्ष्मण संवाद की कथा का मार्मिक प्रसंग सुनाया। इसके अलावा श्रीराम विवाह,श्रीराम बन गमन,दशरथ प्रतिज्ञा का प्रसंग भी सुनाया गया। इस दौरान कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की गईं जिन्हें दर्शकों ने बेहद सराहा। श्रोताओं ने प्रभु श्रीराम की आरती उतारी और सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। कथाव्यास ने कहा कि सभी को प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। प्रभु श्री राम की पितृ एवं मातृ भक्ति अनुकरणीय है।



### बरेली ने लखनऊ को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**बरेली, अमृत विचार :** स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में बरेली मंडल की टीम ने लखनऊ को 3–0 से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। टीम ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। बरेली की टीम ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन कोई गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में बरेली के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल दिखाया और मैच पर पूरी पकड़ बना ली। मैच के निर्णायक क्षणों में अनुज ने पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद अमन राठौर ने दूसरा गोल दागकर स्कोर 2–0 कर दिया। अंत में एक और गोल कर बरेली ने मुकाबला 3–0 से अपने नाम कर लिया।



### अवंतीबाई लोधी के पग चिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** रविवार को एक सभा का आयोजन कर वीरांगना अवंतीबाई लोधी को याद करके उनके पग चिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम राजपूत और विधायक डीसी वर्मा ने कहा वीरांगना अवंतीबाई समाज की नायक थी। मध्यप्रदेश में जन्मी अवंतीबाई लोधी बचपन में घुड़सवारी और तीरंदाजी में निपुण हो गई थी। उनके पति रायगढ़ के राजा विक्रमादित्य की मृत्यु के बाद रायगढ़ की महारानी बनने के बाद उन्होंने ब्रिटिश सरकार के अन्याय के खिलाफ मोर्चा खोलकर कई बार ब्रिटिश फौज पर विजय प्राप्त की।मौजूद लोगो से अपील करते हुए कहा सभी अपने अपने बच्चों में वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान की गाथा को सुनाकर उन्हें उनके पग चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरणा दें।संचालन गंगा सहाय राजपूत ने किया।जिलाध्यक्ष मोतीराम वर्मा, नेतराम वर्मा, सुंदर राजपूत,वीरपाल सिंह लोधी आदि लोग मौजूद रहे।



### छावनी परिषद ने पानी बचाने को किया जागरुकता कार्यक्रम

**कैंट, अमृत विचार :** विश्व जल दिवस के अवसर पर कैंट बोर्ड ने रविवार को सीईओ डॉ तनु जैन के मार्गदर्शन में जल संरक्षण एवं जल के महत्व के प्रति आमजन को जागरूक करने को व्यापक जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत पौधरोपण, जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता रैली का शुभारंभ रक्षा मंत्रालय द्वारा छावनी परिषद के नामित सदस्य डॉ वैभव जायसवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली कैंट जनरल हॉस्पिटल से प्रारंभ होकर सदर क्षेत्र होते हुए धोपेश्वर नाथ मंदिर पर संपन्न हुई। नुक्कड़ नाटक के जरिए जल के महत्व एवं उसके संरक्षण की आवश्यकता को सरल एवं प्रेरक ढंग से दर्शाया गया। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक डॉ पारस नाथ, डॉ. वंदना, मनोज कुमार तिवारी, आरएन टैगोर स्कूल के प्रधानाध्यापक और शिक्षक छात्र भी मौजूद रहे।

